# विशेष शिक्षा उचित प्रक्रिया शिकायत प्रक्रियाएं

मिशिगन शिक्षा विभाग

विशेष शिक्षा कार्यालय (Office of Special Education)

जून 2022

## विषय-सूची

विशेष शिक्षा उचित प्रक्रिया शिकायत प्रक्रियाएं ........ 3

आमतौर पर प्रयोग किए जाने वाले संक्षिप्ताक्षर, ऐक्रनिम, प्रतीक और शर्तें ........ 3

प्रक्रियाएं ........ 5

परिशिष्ट A: सुनवाई हेतु मॉडल उचित प्रक्रिया शिकायत / अनुरोध फॉर्म ........ 7

## विशेष शिक्षा उचित प्रक्रिया शिकायत प्रक्रियाएं

इस दस्तावेज़ में विशेष शिक्षा प्रशासनिक उचित प्रक्रिया सुनवाईयों से संबंधित मिशिगन शिक्षा विभाग प्रक्रियाएं शामिल हैं।

### आमतौर पर प्रयोग किए जाने वाले संक्षिप्ताक्षर, ऐक्रनिम, प्रतीक और शर्तें

| | |
|---|---|
| **ALJ** | एडमिनिस्ट्रेटिव लॉ जज |
| **ESA** | शैक्षणिक सेवा संस्था (Educational Service Agency) |
| **FAPE** | मुफ्त उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा |
| **FERPA** | परिवार शैक्षणिक निजता अधिकार अधिनियम |
| **IDEA** | *विकलांग व्यक्ति शिक्षा अधिनियम* |
| **IEP** | वैयक्तिकृत शिक्षा कार्यक्रम |
| **IFSP** | खास परिवार सेवा प्लान |
| **ISD** | इंटरमीडिएट स्कूल डिस्ट्रिक्ट; शैक्षणिक सेवा संस्था (ESA), क्षेत्रीय शैक्षणिक सेवा संस्था (RESA), या क्षेत्रीय शैक्षणिक सेवा डिस्ट्रिक्ट (RESD) भी कहा जा सकता है। |
| **LEA** | स्थानीय शैक्षिणिक संस्था (Local Educational Agency) |
| **MARSE** | *विशेष शिक्षा के लिए मिशिगन प्रशासनिक नियम (Michigan Administrative Rules for Special Education)* |
| **MDE** | मिशिगन शिक्षा विभाग |
| **MOAHR** | मिशिगन प्रशासनिक सुनवाई और नियम कार्यालय (Michigan Office of Administrative Hearings and Rules) |
| **OSE** | विशेष शिक्षा कार्यालय (Office of Special Education) |
| **OSEP** | विशेष शिक्षा प्रोग्राम कार्यालय (Office of Special Education Programs) |

| | |
|---|---|
| **माता-पिता** | R 340.1701b (e) के अनुसार माता -पिता को निम्नानुसार परिभाषित किया गया है:<br><br>जैविक या दत्तक माता -पिता; पालक माता-पिता (जब तक कि माता -पिता के रूप में कार्य करने के लिए अन्यथा निषिद्ध नहीं हैं)।<br><br>अभिभावक (दादा -दादी/ नाना-नानी, सौतेले माता पिता, या अन्य रिश्तेदार जिनके साथ बच्चा रहता है) जो सामान्य या शैक्षणिक निर्णय लेने के लिए अधिकृत है (लेकिन स्टेट नहीं यदि बच्चा स्टेट की जिम्मेदारी है)।<br><br>सरोगेट माता-पिता जिन्हें R 340.1725f के अनुसार नियुक्त किया गया है।<br><br>न्यायिक डिक्री द्वारा पहचाना गया व्यक्ति।<br><br>छात्र जब वह 18 वर्ष की आयु में पहुंचता है (यदि कानूनी अभिभावक नियुक्त नहीं किया गया है)। |
| **PSA** | पब्लिक स्कूल अकादमी (चार्टर स्कूल शामिल हैं) |
| **सार्वजनिक संस्था** | जैसा कि 34 CFR § 300.33 द्वारा परिभाषित किया गया है, सार्वजनिक संस्था में शामिल हैं: SEA, LEAs, ESA, गैर-लाभकारी पब्लिक चार्टर स्कूल, और विकलांग बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए जिम्मेदार स्टेट के कोई भी अन्य राजनीतिक सब-डिविज़न। |
| **R** | नियम |
| **RESA** | क्षेत्रीय शैक्षणिक सेवा क्षेत्र (Regional Educational Service Area) |
| **RESD** | क्षेत्रीय शैक्षणिक सेवा डिस्ट्रिक्ट (Regional Educational Service District) |
| **SEA** | स्टेट शैक्षणिक संस्था; SEA को 34 CFR § 300.41 के अनुसार स्टेट शिक्षा बोर्ड, अन्य संस्था या सरकारी प्राथमिक विद्यालयों और माध्यमिक विद्यालयों के स्टेट पर्यवेक्षण के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार अधिकारी के रूप में परिभाषित किया गया है। MDE मिशिगन के लिए SEA है। |
| **§** | सेक्शन |

## प्रक्रियाएं

### 1. डिलीवरी और प्राप्ति

a. उचित प्रक्रिया शिकायत व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा, या इलेक्ट्रॉनिक रूप से (फैक्स या ईमेल) डिलीवर की जानी चाहिए। MDE शिकायत की एक प्रति माता-पिता, डिस्ट्रिक्ट और इंटरमीडिएट स्कूल के डिस्ट्रिक्ट को डाक या इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रदान करेगा।

b. सप्ताहांत, संघीय और स्टेट अवकाश और MDE कार्यालय के बंद होने के दिनों को छोड़कर, उचित प्रक्रिया शिकायत उस दिन प्राप्त मानी जाती है जिस दिन शिकायत MDE को डिलीवर की जाती है। इलेक्ट्रॉनिक रूप से (फैक्स, ईमेल) प्राप्त शिकायत के मामले में, यदि शिकायत का अंतिम पेज शाम 5:00 बजे के बाद प्राप्त होता है, तो शिकायत को MDE कार्यालय के खुले होने के अगले दिन प्राप्त माना जाएगा।

### 2. उचित प्रक्रिया शिकायत की टाइमलाइन और पर्याप्तता

a. उचित प्रक्रिया की टाइमलाइन उस दिन से शुरू होती है जिस दिन MDE द्वारा उपरोक्त सेक्शन एक के अनुरूप शिकायत प्राप्त होती है।

b. एडमिनिस्ट्रेटिव लॉ जज (ALJ) यह निर्धारित करता है कि शिकायत पर्याप्त है और इस पर उचित रूप से दायर के रूप में विचार किया जा सकता है।

### 3. आवश्यक न्यूनतम जानकारी

जब उचित प्रक्रिया शिकायत में कम से कम निम्नलिखित शामिल हों, तो MDE उचित प्रक्रिया शिकायत को तुरंत मिशिगन कार्यालय प्रशासनिक सुनवाई और नियम (MOAHR) को अग्रेषित करता है:

a. छात्र के नाम की पहचान करता है;

b. छात्र के निवास का पता;

c. छात्र जिस स्कूल में पढ़ रहा है उसका नाम।

d. यदि छात्र बेघर या युवा हैं; छात्र की उपलब्ध संपर्क जानकारी और छात्र जिस स्कूल में पढ़ रहा है उसका नाम;

e. समस्या के स्वरूप का वर्णन;

f. शिकायतकर्ता को ज्ञात और उपलब्ध सीमा तक प्रस्तावित समाधान; और

g. शिकायतकर्ता के हस्ताक्षर।

**4. एडमिनिस्ट्रेटिव लॉ जज (ALJ) निर्णय - अनुपालन का कार्यान्वयन और प्रमाण**

अंतिम निर्णय जारी होने के बाद सार्वजनिक संस्था ALJ के आदेशानुसार अंतिम निर्णय और आदेश के प्रावधानों को लागू करेगी।

**5. उचित प्रक्रिया शिकायत को बंद करना**

ALJ के आदेश के अनुसार आवश्यकताओं को पूरा करने वाले अनुपालन का अंतिम प्रमाण प्राप्त होने और सत्यापित होने पर MDE उचित प्रक्रिया केस को बंद कर देगा। MDE सभी पक्षों को सूचित करेगा, और ISD, अनुपालन का प्रमाण प्राप्त हो जाने और सत्यापित हो जाने के बाद शिकायत बंद कर दी जाएगी।

**समाधान मीटिंग**

जब भी कोई माता-पिता सुनवाई का अनुरोध करने वाली उचित प्रक्रिया शिकायत दर्ज करते हैं, तो अनिवार्य समाधान मीटिंग आयोजित की जानी चाहिए। इस मीटिंग को निर्धारित करने के लिए स्कूल डिस्ट्रिक्ट माता-पिता से संपर्क करेगा। समाधान मीटिंग का उद्देश्य माता-पिता और डिस्ट्रिक्ट को माता-पिता की शिकायत पर चर्चा करने और सुनवाई के बिना विवाद के त्वरित और शीघ्र समाधान तक पहुंचने का अवसर प्रदान करना है।

मानक उचित प्रक्रिया शिकायत के मामले में, माता-पिता की उचित प्रक्रिया शिकायत की अधिसूचना डिस्ट्रिक्ट को प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर और उचित प्रक्रिया सुनवाई शुरू होने से पहले समाधान मीटिंग आयोजित की जानी चाहिए।

शीघ्र उचित प्रक्रिया शिकायत के मामले में, सुनवाई का अनुरोध करने वाली उचित प्रक्रिया शिकायत की अधिसूचना डिस्ट्रिक्ट को प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर समाधान मीटिंग अवश्य होनी चाहिए।

समाधान मीटिंग हमेशा आवश्यक होती है, उन परिस्थितियों के अपवाद के साथ जब:

- माता-पिता और डिस्ट्रिक्ट समाधान मीटिंग को रद्द करने और सुनवाई प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ने के लिए लिखित रूप में सहमत होते हैं; या
- माता-पिता और डिस्ट्रिक्ट लिखित रूप में समाधान मीटिंग को रद्द करने और मध्यस्थता का उपयोग करने के लिए सहमत होते हैं।

## परिशिष्ट A: सुनवाई हेतु मॉडल उचित प्रक्रिया शिकायत/अनुरोध फॉर्म (पेज 4 का 1)

## सुनवाई हेतु मॉडल उचित प्रक्रिया शिकायत / अनुरोध फॉर्म

**मिशिगन शिक्षा विभाग विशेष शिक्षा कार्यालय** (Michigan Department of Education Office of Special Education)
**जून** 2022

### उद्देश्य

इस मॉडल फॉर्म का उपयोग किसी छात्र की पहचान, मूल्यांकन, पात्रता, शैक्षणिक प्लेसमेंट, या लक्षण निर्धारण के बारे में असहमति को हल करने के लिए उचित प्रक्रिया सुनवाई के लिए अनुरोध प्रस्तुत करने हेतु या विकलांग व्यक्ति शिक्षा अधिनियम (IDEA) के तहत छात्र के लिए मुफ्त उपयुक्त पब्लिक शिक्षा के प्रावधान के संबंध में किया जा सकता है। खास परिवार सेवा प्लान (IFSP) वाले बच्चे से संबंधित किसी भी शिकायत हेतु, इस प्रक्रिया में IDEA भाग C स्टाफ का समन्वय और भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मिशिगन शिक्षा विभाग (MDE) ऑफ़िस ऑफ़ ग्रेट स्टार्ट/अर्ली चाइल्डहुड डेवलपमेंट एंड फ़ैमिली एजुकेशन को विशेष शिक्षा कार्यालय (OSE) द्वारा अधिसूचित किया जाता है।

### निर्देश

इस फॉर्म को पूरा करें और डाक द्वारा, इलेक्ट्रॉनिक रूप से (ईमेल या फैक्स) या व्यक्तिगत रूप से भेजें, या पेज 4 पर संपर्क जानकारी का उपयोग करके MDE OSE को प्रदान कर दें। इस फॉर्म का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं है; इसे उचित प्रक्रिया शिकायत दर्ज करने में सहायता करने के लिए प्रदान किया जाता है। **नोट: * आवश्यक जानकारी इंगित करता है।**

### शिकायतकर्ता संपर्क जानकारी

नाम*: ______________________________

पता*: ______________________________

शहर*: ____________ स्टेट*: ____________ ज़िप कोड*: ____________

ईमेल: ____________ फ़ोन नंबर: ____________

### छात्र की जानकारी

नाम*: ____________ उम्र: ________ जन्म तिथि: ________ ग्रेड: ________

पता*: ______________________________

(यदि छात्र बेघर है तो संपर्क जानकारी प्रदान करें)

शहर*: ____________ स्टेट*: ____________ ज़िप कोड*: ____________

### माता-पिता/अभिभावक की जानकारी **(यदि शिकायत दर्ज करने वाले व्यक्ति के अलावा कोई और है)**

नाम: ______________________________

ईमेल: ____________ फ़ोन नंबर: ____________

### स्कूल की जानकारी

छात्र जिस स्कूल में जाता है उसका नाम*: ______________________________

जिस डिस्ट्रिक्ट के विरुद्ध शिकायत दर्ज की गई है उसका नाम: ______________________________

## परिशिष्ट A: सुनवाई हेतु मॉडल उचित प्रक्रिया शिकायत/अनुरोध फॉर्म (पेज 4 का 2)

### समस्या और तथ्य*

विद्यार्थी के विशेष शिक्षा कार्यक्रम से संबंधित समस्या का स्वरूप क्या है और समस्या से संबंधित तथ्य क्या हैं? यदि ज्ञात हो तो तिथि शामिल करें। (1,000 करेक्टर सीमा। यदि आवश्यक हो तो अतिरिक्त पेज संलग्न करें।)

## प्रस्तावित समाधान (ज्ञात सीमा तक) *

संक्षेप में बताएं कि आपके अनुसार इस मुद्दे को कैसे सुलझाया जा सकता है। (2,600 वर्ण सीमा। यदि आवश्यक हो तो अतिरिक्त पेज संलग्न करें।)

## परिशिष्ट A: सुनवाई हेतु मॉडल उचित प्रक्रिया शिकायत/अनुरोध फॉर्म (पेज 4 का 3)

### मध्यस्थता: SEMS के साथ संपर्क जानकारी साझा करना

**मिशिगन शिक्षा विभाग (MDE) माता-पिता और डिस्ट्रिक्ट को मध्यस्थता सहित अनौपचारिक विवाद समाधान प्रक्रियाओं के माध्यम से विवादों को हल करने के लिए प्रोत्साहित करता है।**

मध्यस्थता एक स्वैच्छिक प्रक्रिया है। प्रशिक्षित, निष्पक्ष मध्यस्थ पक्षों के बीच विवाद के पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान तक पहुंचने में पक्षों की सहायता करता है। मध्यस्थ किसी भी स्थानीय स्कूल डिस्ट्रिक्ट से संबद्ध नहीं होते हैं और न ही वे शिकायत में किसी पक्ष का प्रतिनिधित्व करते हैं। मध्यस्थता के दौरान होने वाली चर्चाओं को गोपनीय रखा जाता है।

यदि शिकायतकर्ता या डिस्ट्रिक्ट विशेष शिक्षा मध्यस्थता सेवाओं (Special Education Mediation Services - SEMS) का उपयोग करते हैं तो MDE बिना किसी लागत के मध्यस्थता सेवाए प्रदान करता है। SEMS यदि MDE अनुदान द्वारा वित्तपोषित है।

यदि आप मध्यस्थता या अनौपचारिक समाधान के माध्यम से किसी शिकायत को हल करने में रुचि रखते हैं, तो MDE आपकी सहमति से आपका नाम और टेलीफोन नंबर SEMS को अग्रेषित करेगा। SEMS आपको मध्यस्थता और अन्य वैकल्पिक विवाद समाधान विकल्पों के बारे में अधिक बताने के लिए आपसे संपर्क करेगा। यदि आप मध्यस्थता में भाग लेना चुनते हैं, तो SEMS यह निर्धारित करने के लिए डिस्ट्रिक्ट से संपर्क करेगा कि क्या डिक्ट्रिक्ट मध्यस्थता में भाग लेने के लिए सहमत है। यदि ऐसा है, तो SEMS व्यवस्था करेगा और मध्यस्थता मीटिंग (मीटिंग्स) का समय तय करेगा।

यदि आप और डिस्ट्रिक्ट उचित प्रक्रिया शिकायत दायर करने के बाद मध्यस्थता में भाग लेने के लिए सहमत हो जाते हैं, तो सुनवाई की समय-सीमा को मध्यस्थता प्रक्रिया पूरी होने तक बढ़ाया जा सकता है। यदि मध्यस्थता के माध्यम से समस्या का समाधान हो जाता है, तो शिकायत वापस ले ली जाएगी या खारिज कर दी जाएगी। यदि समस्या का समाधान नहीं होता है, तो MDE उचित प्रक्रिया सुनवाई के साथ आगे बढ़ेगा।

मध्यस्थता और अनौपचारिक विवाद समाधान के बारे में अधिक जानकारी के लिए, MDE विशेष शिक्षा उचित प्रक्रिया शिकायत प्रक्रियाएं देखें या 833-KIDSIST (833-543-7178) या SEMS वेबसाइट पर विशेष शिक्षा मध्यस्थता सेवा (SEMS) से संपर्क करें।
(http://MiKidslst.org)।

- ◯ हां, मैं मध्यस्थता में दिलचस्पी रखता हूं और OSE को मेरा नाम और संपर्क जानकारी SEMS को अग्रेषित करने के लिए अधिकृत करता हूं। मैं समझता हूं कि SEMS मुझसे सीधे संपर्क करेगा।
- ◯ नहीं, मुझे मध्यस्थता में कोई दिलचस्पी नहीं है। मैं समझता हूं कि SEMS मुझसे संपर्क नहीं करेगा, और किसी भी समय, मैं मध्यस्थता का अनुरोध करने के लिए सार्वजनिक संस्था या SEMS से संपर्क कर सकता हूं। अधिक जानकारी के लिए SEMS वेबसाइट पर जाएं या 833-543-7178 पर कॉल करें।

## परिशिष्ट A: सुनवाई हेतु मॉडल उचित प्रक्रिया शिकायत/अनुरोध फॉर्म (पेज 4 का 4)

## सुनवाई के लिए उचित प्रक्रिया शिकायत/अनुरोध जमा करना

सुनवाई के लिए उचित प्रक्रिया शिकायत/अनुरोध को MDE के पास जमा करने हेतु हस्ताक्षरित और डाक द्वारा, व्यक्तिगत रूप से या इलेक्ट्रॉनिक रूप से (फैक्स, ईमेल) भेजा जाना चाहिए।

| ____________________ | ____________________ | __________ |
| --- | --- | --- |
| हस्ताक्षर* | मुद्रित नाम | तिथि |

मिशिगन शिक्षा विभाग
विशेष शिक्षा कार्यालय - उचित प्रक्रिया शिकायतें
608 West Allegan
P.O. Box 30008
Lansing, MI 48909
फैक्स: 517-241-7141
ईमेल: MDE-MIComplaints@michigan.gov